**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 07 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**दिनांक– 12.11.2023**

**दिनांक 11/12.11.2023 को रात्रि थाना दुबग्गा 01, पीजीआई 01, जानकीपुरम 01, सुशान्तगोल्फ सिटी 01, ठाकुरगंज 03 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 07 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**भा0द0वि0**

**थाना गुडम्बा**–दिनांक 12.11.2023 को थाना गुडम्बा द्वारा बताया गया कि वादिनी शिवानी पुत्री दिनेश चन्द्र निवासी–निकट संगीत लॉन नहर रोड जानकीपुरम लखनऊ ने थाना गुडम्बा पर सूचना दिया कि दिनांक 08.11.2023 को समय करीब 17.30 बजे वादिनी अपने पिताजी के बैंक के एटीएम कार्ड को लेकर कुर्सी रोड सेंट मेरी अस्पताल के पास स्थित एसबीआई के एटीएम पर रूपये निकालने गयी थी। जब वादिनी रूपये निकालने लगी तो उक्त एटीएम से पैसे नहीं निकले तो वहां पर खड़े 02 अज्ञात व्यक्तियों ने कहा कि क्या रूपये नहीं निकल रहे हैं। इस पर एक ने वादिनी से कहा कि एटीएम को इस तरह से लगाकर देखें और इसी बीच धोखे से वादिनी का एटीएम कार्ड बदल लिया गया और उक्त व्यक्ति ने अपना एटीएम कार्ड लगा दिया । क्योकि एटीएम कार्ड एक ही तरह का होने के कारण वादिनी समझ नहीं पायी कि उसका कार्ड बदला जा चुका है। जब वादिनी के रूपये नहीं निकले तो उक्त लोगों ने वादिनी से कहा कि एटीएम में कुछ खराबी है बैंक में जाकर दिखाना। इस वादिनी वहां से चली गयी। कुछ ही देर में वादिनी के पिताजी के मोबाइल पर रूपये निकलने के मैसेज आने लगे तो वादिनी के पिताजी ने वादिनी को फोन करके रूपये निकालने की बात पूछी तो वादिनी को कुछ आशंका हुआ तो वादिनी ने एटीएम कार्ड चेक किया तो वो एटीएम कार्ड सूरज कुमार के नाम का था। उक्त अज्ञात व्यक्तियों कई बार में करके वादिनी के पिताजी के उक्त एटीमकार्ड से कुल 40,000/–रूपये को धोखाधड़ी करके निकाल लिया गया है। **इस सूचना पर थाना गुडम्बा पर मु0अ0सं0 449/2023 धारा 420 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**थाना विकासनगर**–दिनांक 12.11.2023 को थाना विकासनगर द्वारा बताया गया कि श्रीमती मंजू पत्नी श्री राम सेवक निवासी–म0नं0 678 शेखपुरा, थाना विकासनगर, लखनऊ मूल निवासी–ग्राम अनवरपुर थाना अटरिया जनपद सीतापुर ने थाना विकासगनर पर सूचना दिया कि उसके पति राम सेवक उम्र करीब 50 वर्ष उपरोक्त ने विष्णुपुरी कालोनी, ब्लॉक 30 के सामने टीन शेड मे लगे लकड़ी की बल्ली से केबिल का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री विजय नारायण पाठक मो0नं0 8840060918 थाना विकासनगर द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक विष्णुपुरी कॉलोनी में ही कपड़े प्रेस करने का काम करता था। मृतक के 03 लड़कियां व 01 लड़का है।

**थाना पीजीआई**–दिनांक 12.11.2023 को थाना पीजीआई द्वारा बताया गया कि वादी श्री विवेक कुमार पुत्र नरसिंह मूलनिवासी–ग्राम पिपरा मेघई पोस्ट कनैला मरवटिया थाना कोतवाली जनपद बस्ती हॉलपता–सेक्टर 8बी/108 वृन्दावन योजना लखनऊ ने थाना पीजीआई पर सूचना दिया कि दिनांक 04.11.2023 को वादी परिवार सहित अमेठी जनपद अपने किसी व्यक्तिगत काम से अपने हालपता से गया हुआ था। वादी के उक्त घर पर कोई भी नहीं था। दिनांक 10.11.2023 को समय करीब 09.00 बजे वादी जब वापस अपने लखनऊ स्थित घर पर आया तो देखा कि घर के अंदर के दरवाजे का ताला तोड़कर घर में चोरी हो गयी है । घर के सारे सामान बिखरे पड़े हैं। वादी के घर में घुसकर अज्ञात चोरों द्वारा घर में रखे कीमती जेवरात व 20,000/–रूपये नकद को चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना पीजीआई पर मु0अ0सं0 759/2023 धारा 380/457 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

v